BHDS-185

अनुप्रयुक्त हिंदी में उपाधि कार्यक्रम
(BAAHD)

सत्रीय कार्य
(जनवरी 2024 एवं जुलाई 2024 सत्रों के लिए)

पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.एस–185
टेलीविजन लेखन

मानविकी विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

बी.एच.डी.एस–185
टेलीविजन लेखन
सत्रीय कार्य 2024

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता है। (1) सत्रीय कार्य, सतत मूल्यांकन, और (2) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द सीमा अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल सुधार होगा तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे। सत्रीय कार्य पूरा करके जाँच के लिए अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक (Coordinator) के पास निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करा दें।

सत्रीय कार्य जमा कराने की तिथियाँ :

जनवरी 2024 सत्र के लिए	:	**31 अक्टूबर, 2024**
जुलाई 2024 सत्र के लिए	:	**31 मार्च, 2025**

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।

अन्य सत्रीय कार्यों की तरह आपके यह सत्रीय कार्य भी अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक को जमा कराना होगा क्षेत्रीय केन्द्र आपको ऑनलाइन सत्रीय कार्य जमा करने की सुविधा भी प्रदान कर सकता है। इसके लिए आप अपने क्षेत्रीय केन्द्र की वेबसाइट पर देखें कि आपके केन्द्र में ऑनलाइन सत्रीय कार्य जमा करने की सुविधा उपलब्ध है या नहीं।

मूल्यांकन के पश्चात अध्ययन केन्द्र आपके यह सत्रीय कार्य आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखे सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें –

1. **योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित करें।
2. **संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

   यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

   क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,

   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है, तथा

   ग) उत्तर आपके भाव शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।
3. **प्रस्तुतिकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर स्वच्छ प्रति तैयार करें। उत्तर साफ–साफ और जिन बिन्दुओं पर आप विशेष बल देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित करें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए

शुभकामनाओं के साथ।

नोट : याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बी.एच.डी.एस.–185
टेलीविजन लेखन
सत्रीय कार्य 2024

कार्यक्रम कोड : BAAHD
सत्रीय कार्यक्रम कोड : बी.एच.डी.एस.–185/2024
पाठ्यक्रम ोड : बी.एच.डी.एस.–185
कुल अंक : 100

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं :
सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
खण्ड–1 के सभी प्रश्नों का उत्तर लगभग 800–800 शब्दों में दीजिए।

खण्ड–1 **अंक**

1. पटकथा लेखन के आधारभूत सिद्धांत क्या है? समझाइए। 15

2. संवाद के महत्व पर विचार करते हुए संवादों के प्रकार को स्पष्ट कीजिए। 15

3. पटकथा क्या है? पटकथा में उपयुक्त कहानी का चयन और विकास किस प्रकार किया जाता है? समझाइए। 15

4. धारावाहिक लेखन में संवाद की प्रकृति पर सोदाहरण विचार कीजिए। 15

खण्ड–2

5. टेलीविजन में दृश्य के प्रमुख घटक तत्वों पर विचार कीजिए। 10

6. रचनात्मक लेखन और पटकथा लेखन में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए। 10

7. उपन्यास और फिल्म में क्या अंतर है? बताइए। 10

8. नाटक से टेलीप्ले के रूप में रूपांतरण की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए। 10